हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 | अंक 58 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

FANCY & EXCLUSIVE ROYAL
WEDDING COLLECTION
शालु, लाछा एवम् उत्कृष्ठ कलात्मक साड़ीयों का संग्रह
वैशाली
साड़ी शोरूम
सराफा बाजार, इतवारी नागपुर
समय :10.00 से 7.00 ■ रविवार बंद
9529081789, 9325112561

# फडणवीस सरकार ने जीता विश्वास मत

**> विधायकों पर भड़के सीएम देवेंद्र फडणवीस > कहा-विधानसभा को बाजार बना दिया**

**मुंबई।**



देवेंद्र फडणवीसके नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। शिवसेना विधायक उदय सामंतऔर अन्य द्वारा पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकरने घोषणा की कि सदन ने विश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

भाजपा-शिवसेना-राकांपा 'महायुति' गठबंधन के पास 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 230 सीटों का बहुमत है। 5 दिसंबर को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में फडणवीस ने तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को विधान भवन में भीड़ प्रबंधन का आह्वान करते हुए कहा कि परिसर को 'बाजार' नहीं बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि विधान भवन में भीड़ रहेगी तो सदन ठीक से कैसे चल पाएगा? न्होंने कहा कि मैं जो कहने जा रहा हूं, उससे कुछ विधायकों को ठेस पहुंच सकती है लेकिन हमें विधान भवन परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। मैं इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहता, हालांकि मुझे स्थिति का वर्णन करने के लिए इससे बेहतर कोई विकल्प नहीं मिल रहा है। यह परिसर 'बाजार' नहीं बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि अगर विधान भवन में इतनी भीड़ रहेगी तो यह सदन ठीक से कैसे चलेगा?

उन्होंने कहा कि मैं जो कहने जा रहा हूं, उससे कुछ विधायकों को ठेस पहुंच सकती है लेकिन हमें विधान भवन परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

मैं इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहता, हालांकि मुझे स्थिति का वर्णन करने के लिए इससे बेहतर कोई विकल्प नहीं मिल रहा है। यह परिसर 'बाजार' नहीं बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि अगर विधान भवन में इतनी भीड़ रहेगी तो यह सदन ठीक से कैसे चलेगा?

उन्होंने कहा कि कई निर्वाचित जनप्रतिनिधि काम के लिए विधान भवन के अंदर अलग-अलग कक्षों में अपने समर्थकों के साथ जाते हैं लेकिन कभी-कभी इन कक्षों में बहुत अधिक लोग इकट्ठा हो जाते हैं और कोई और अंदर नहीं जा पाता। फडणवीस ने सदन में राजनीतिक संवाद में कमी पर भी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में संवाद नदारद है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह बंद हो गया है लेकिन इसमें कमी जरूर आई है। हम सभी को इस पर काम करने की जरूरत है।

## नार्वेकर बने विधानसभा के नए अध्यक्ष

महाराष्ट्र विधानसभा में राहुल नार्वेकर को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने लिया। राहुल नार्वेकर ने अध्यक्ष पद के लिए अकेले नामांकन दाखिल किया था, जिसके बाद किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। इस कारण उन्हें निर्विरोध चुना गया. नार्वेकर बीजेपी के टिकट पर मुंबई के कोलाबा विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। वह महाराष्ट्र विधानसभा के वर्तमान स्पीकर हैं और वह देश के किसी भी राज्य के अध्यक्ष चुने जाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र (44) व्यक्ति हैं। नार्वेकर को जून 2016 में राज्यपाल द्वारा नामित सदस्य के रूप में महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए चुना गया था।

## डेढ़ लाख पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने 1.53 लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है, इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनेंगे। राज्यपाल ने कहा कि अभी तक 78,309 पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। राज्यपाल ने बताया कि राज्य सरकार ने पंचायत कानून के तहत 6,931 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की है, जो मानदेय के आधार पर होंगी।

## खबरें! एक नजर में!!

### नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग

**नई दिल्ली।** नोएडा एयरपोर्ट के लिए सोमवार को बड़ा दिन रहा। नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर विमान की सफल लैंडिंग हुई। नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर सोमवार दोपहर 1.31 बजे पहली बार विमान ने सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। दिल्ली से उड़ान भरकर पहला व्यावसायिक 10 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट के फ्लाइंग जोन में पहुंच गया था और उपकरणों सहित अन्य संसाधनों की जांच के लिए डेढ़ घंटे तक एयरपोर्ट के आसपास मंडराता रहा।

### पानीपत में बीमा सखी स्कीम लॉन्च

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पानीपत से देश की बीमा कंपनी एलआईसी की नई बीमा सखी योजना को लॉन्च किया। यह योजना खासतौर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लाई गई है और इसमें उन्हें एलआईसी एजेंट बनने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही उन्हें 5,000 रुपये से 7000 रुपये प्रतिमाह भी दिए जाएंगे। योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा होने करने वाली है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मॉस्को पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस की आधिकारिक यात्रा पर मास्को पहुंचे। इस दौरान रक्षा मं त्रीने सोमवार को रूस में नौसेना के नवीनतम, बहुउद्देश्यीय, स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट ( युद्धपोत) 'आईएनएस तुशील' का जलावतरण किया। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, भारत और रूस वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित थे।

### श्रीनगर-बारामूला हाइवे पर मिला संदिग्ध बैग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई। टीसीपी पलहालन इलाके में एक संदिग्ध बैग मिला जिसके अंदर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखा हुआ था। इस खतरनाक वस्तु को बैग में छिपाकर आतंकवादी एक बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे लेकिन सुरक्षाबलों की सूझबूझ और तत्परता से इस साजिश को नाकाम कर दिया गया।

### पश्चिम बंगाल में बम ब्लास्ट, 3 की मौत

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बम ब्लास्ट की घटना घटी है। इस घटना में 3 लोगों के मारे जाने की खबर है। पुलिस के मुताबिक, एक घर में अवैध तरीके से देसी बम बनाया जा रहा था। उसी समय किसी बम में विस्फोट हो गया और 3 लोगों की जान चली गई है। जिले के खैरतला निवासी मामून मुल्ला के घर पर रविवार की देर रात अवैध बम बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक किसी बम में विस्फोट हो गया।

### महाकुंभ मेला के लिए चलेगी रिंग रेल

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होगा, लेकिन श्रद्धालु काशी और अयोध्या का दर्शन भी करेंगे। रिंग रेल कनेक्टिविटी श्रद्धालुओं की राह आसान करेगी। ट्रेनें प्रयागराज, बनारस और अयोध्या के बीच रफ्तार से दौड़ेंगी। श्रद्धालुओं के लिए ट्रेनों की कमी नहीं पड़ने पाए, इसके लिए अतरिक्त ट्रेनों के रैक भी रखने की तैयारी है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बनारस स्टेशन पर चलते-चलते मीडिया को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

# आंदोलनकारी किसानों को बड़ा झटका

**> सुको ने खारिज की शंभू बॉर्डर खोलने की याचिका**

**नई दिल्ली।**



दिल्ली की कड़ाके की सर्दी में अपने हक की मांग करते किसानों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की शंभू बॉर्डर खाली कराने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि, बार-बार एक ही प्रकार की याचिका क्यों दायर की जा रही है ? इस सिलसिले में पहले से ही मामला लंबित है, फिर क्यों ऐसी याचिका दायर की गई है ? इसके आगे कोर्ट ने कहा है कि वो इस याचिका को पहले ही से लंबित मामलों के साथ नहीं सुनेगी, इससे खराब संदेश जाता है औऱ हम याचिका खारिज कर रहे हैं। साथ ही बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने किसानों को हाईवे से हटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस सूर्यकांत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि, यह मामला प्रचार के उद्देश्य से दायर किया गया प्रतीत होता है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि, सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की शिकायतों के समाधान के लिए सभी आवश्यक और रचनात्मक कदम उठाए हैं. उन्होंने कहा कि उनकी याचिका का उद्देश्य केवल यात्रियों को हो रही परेशानियों को उजागर करना है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे स्थिति से पूरी तरह अवगत हैं और ऐसा नहीं है कि याचिकाकर्ता ही समाज का इकलौता जागरूक रक्षक है। अदालत ने यह भी कहा कि बार-बार एक ही मामले पर याचिका दाखिल करना उचित नहीं है। गौरतलब है कि पहले से लंबित याचिकाओं के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने एक पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अन्य मुद्दों पर बातचीत करने का निर्देश दिया गया था.

### शंभू बॉर्डर फरवरी से बंद

हरियाणा सरकार ने इस साल फरवरी में पंजाब से सटे शंभू बॉर्डर को बंद कर दिया था। इसका उद्देश्य यह था कि किसान दिल्ली कूच न कर सकें. वहीं 2020 में किसान आंदोलन ने तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए सरकार को मजबूर कर दिया था। वर्तमान में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और अपनी जमीन के मुआवजे जैसी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किसानों के शंभू बॉर्डर पर बैठने को गंभीर समस्या करार दिया है।

# राज्यसभा में सभापति को हटाने की तैयारी

**> 70 सांसदों ने किए हस्ताक्षर**

**नई दिल्ली।**



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विपक्ष के करीब 70 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस प्रस्ताव को समाजवादी पार्टी और टीएमसी का भी समर्थन है। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया है कि सभापति जॉर्ज सोरोस मामले में सत्ता पक्ष को मौका दे रहे हैं।

कांग्रेस इस मामले पर अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार है। कांग्रेस सूत्रों का मानना है कि गौतम अडानी के मसले को कमजोर करने के लिए बीजेपी जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठा रही है। माना जा रहा है कि कल ही सभापति के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। गौरतलब है कि आज संसद के ऊपरी सदन में सोरोस के मुद्दे पर सत्ता पक्ष ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। इसी दौरान सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गरमागरम बहस भी देखने को मिली। बीजेपी चीफ नड्डा ने भी कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने सभापति पर सत्ता पक्ष के प्रति पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सभापति अक्सर उनके भाषणों में बाधा डालते हैं, महत्वपूर्ण मुद्दों पर पर्याप्त बहस की अनुमति नहीं देते और विवादास्पद चर्चाओं के दौरान सत्ताधारी दल का पक्ष लेते हैं। इस साल की शुरुआत में ऐसी खबरें आईं थीं कि विपक्ष राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है। संसद के बजट सत्र के दौरान, विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कम होते समय और स्थान पर चिंता जताई थी। उनका तर्क था कि संसदीय परंपरा के अनुसार, विपक्ष के नेता को बोलने के लिए मौका दिया जाना चाहिए। एक प्रमुख विवाद कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषणों में बार-बार व्यवधान डालना था, जिसमें कथित तौर पर कई मौकों पर उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया था।

# आरबीआई के नए गवर्नर होंगे मल्होत्रा

**तीन साल के लिए संभालेंगे कार्यभार**

**नई दिल्ली।**



संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। केंद्रीय कैबिनेट ने सोमवार को नए गवर्नर के रूप में उनके नाम को मंजूरी दी। वह मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। जानकारी के मुताबिक संजय मल्होत्रा कल बुधवार, 11 दिसंबर को नए गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। बता दें कि संजय 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए हुई है। वर्तमान में वह रेवेन्यू सचिव का पदभार संभाल रहे हैं।

संजय मल्होत्रा, 1990 बैच के राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की है। वहीं अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। अपने 33 वर्षों से अधिक के करियर में संजय मल्होत्रा ने पॉनर, फाइनेंस और टैक्सेशन, आईटी, माइनिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान दिया है।

# ईडी बांटेगी 32 लाख स्कैम पीड़ितों को रकम

**> बेचने वाली है आरोपियों की 6 हजार करोड़ की संपत्ति**

**नई दिल्ली।**




ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पॉन्जी स्कैम का शिकार हुए लाखों निवेशकों को रकम लौटाने की तैयारी कर रहा है। खबर है कि इसकी शुरुआत भी कर दी गई है, जिसके चलते 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कुर्क संपत्ति को बेचने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। खास बात है कि शीर्ष न्यायालय और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने भी 'अपराध की आय' को गरीब निवेशकों को वापस लौटाने का पक्ष लिया था।

खास बात है कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कहा था कि वह कानून में बदलाव की संभावनाएं तलाश रहे हैं, ताकि फ्रॉड का शिकार हुए निवेशकों को कुर्क की गई संपत्तियों का इस्तेमाल कर रकम वापस दिलाई जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, एग्री गोल्ड पॉन्जी स्कैम के 32 लाख पीड़ितों को राशि वापस करने के लिए 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कुर्क संपत्ति बेची जा रही है। बीते सप्ताह ही ईडी ने एग्री गोल्ड कंपनी और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ हैदराबाद के PMLA कोर्ट का रुख किया था। एजेंसी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और ओडिशा में अटैच की गई संपत्तियों के निपटान की मांग की थी। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'जिन संपत्तियों के संबंध में ईडी की तरफ से आवेदन दाखिल किया गया है, उनमें 2310 आवासीय और कमर्शियल प्लॉट, अपार्टमेंट, एम्यूजमेंट पार्क शामिल हैं।' अटैच की गईं 2310 संपत्तियों में से 2254 आंध्र प्रदेश में हैं, 43 तेलंगाना में, 11 कर्नाटक और 2 ओडिशा में हैं। इससे पहले आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने एपीपीडीएफएए एक्ट के तहत सीआईडी की तरफ से अटैच की गई संपत्तियों की वापसी की अनुमति दी थी।

### क्या है मामला?

एग्री गोल्ड स्कीम के एजेंट्स ने 32 लाख ग्राहकों से 6 हजार 400 करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाए थे। आंध्र प्रदेश CID ने पहले भी हाईकोर्ट का रुख किया था और ईडी की तरफ से अटैच संपत्तियों को रिजीज करने की मांग की है, ताकि पीड़ितों में रुपया बांटा जा सके। ED ने दिसंबर 2020 में एग्री गोल्ड ग्रुप और इसके प्रमोटर अवा वेंकट रामा राव उनके परिवार के सदस्यों अवा वेंकट सेषु नारायण और अवा हेमा सुंदर वारा प्रसाद को गिरफ्तार किया था।

# इस सत्र में पेश हो सकता है 'वन नेशन-वन इलेक्शन'

**> चर्चा के लिए जेपीसी के पास भेजा जाएगा बिल**

**नई दिल्ली।**



केंद्र सरकार संसद के मौजूदा सत्र में ही 'वन नेशन-वन इलेक्शन' बिल पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा।

जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। इसके अलावा सभी राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और देशभर के बुद्धिजीवियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। आम लोगों की भी राय ली जाएगी।

इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 'पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं।

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

केंद्र सरकार शुरू से ही एक राष्ट्र के पक्ष में रही है। हालांकि, मौजूदा व्यवस्था को बदलना बेहद चुनौतीपूर्ण काम है। इसके लिए आम सहमति बेहद आवश्यक है।

देश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए करीब 6 विधेयक लाने होंगे। इन सभी को संसद में पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

चूंकि मौजूदा स्थिति में दोनों सदनों में एनडीए के पास साधारण बहुमत है। इस कारण लोकसभा या राज्यसभा किसी में भी सरकार के लिए दो-तिहाई बहुमत प्राप्त करना एक कठिन काम हो सकता है। मौजूदा आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य सभा में एनडीए के पास 112 और विपक्षी दलों के पास 85 सीटें हैं, जबकि दो तिहाई बहुमत के लिए 164 वोटों की आवश्यकता होती है।

### 2029 से लागू हो सकता है विधेयक

एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

# शांति की ओर बढ़ रहा मणिपुर

**इंफाल।**

मणिपुर सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद नौ जिलों में इंटरनेट तथा डेटा सेवाओं पर लगी अस्थायी पाबंदियां हटा दी गई हैं। अब इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी, चुराचांदपुर, जिरीबाम तथा फेर्ज़ावल जिलों में इंटरनेट सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं। सरकार ने बताया कि इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन तथा कानून व्यवस्था के बीच संभावित संबंधों की जांच के बाद यह फैसला लिया गया है। इस कदम से इन जिलों के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

मणिपुर सरकार ने राज्य के नौ अशांत जिलों में मोबाइल डेटा सेवाओं पर प्रतिबंध नौ दिसंबर तक बढ़ा दिया था। गृह विभाग द्वारा शनिवार को जारी एक आदेश में कहा गया कि यह निर्णय इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम जिलों में मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया।

# अब 'भ्रष्टाचार' पर लगेगी रोक

**> फुलप्रूफ तकनीक देगी त्वरित न्याय**

**नई दिल्ली।**




तीन नए आपराधिक कानून- 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम', देश में पहली जुलाई से लागू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में इन कानूनों का ऐसा स्वरूप तय किया गया है कि अब विभिन्न मामलों की सुनवाई के लिए अदालतों में 'तारीख पर तारीख' नहीं मिलेगी। त्वरित गति से न्याय मिलेगा। साथ ही न्याय संबंधी प्रक्रिया के विभिन्न पहलू, डिजिटल प्लेटफार्म पर रहेंगे। इसके चलते 'क्रप्शन' पर रोक लगेगी।

खास बात है कि पुलिस, अदालत, वकील, अस्पताल, गवाह और फोरेंसिंक जांच, इन सब में पहले जो समय लगता था, अब वैसा नहीं होगा। हाई तकनीक की मदद से स्पीडी न्याय मिलेगा। सब कुछ डिजिटल प्लेटफार्म पर रहेगा। इसके अलावा नए कानूनों में अब थानों में जब्त हुई संपत्ति, कबाड़ नहीं बनेगी। उसका निपटारा भी त्वरित गति से होगा। न्यायालय के लिए मामले की संपत्ति का विवरण 14 दिनों में तैयार करना अनिवार्य किया गया है।

संपत्ति का निपटान, जब्ती या सुपुर्दारी, संपत्ति विवरण के 30 दिन के भीतर करना अनिवार्य बनाया गया है। चंडीगढ़ के डीजीपी एसएस यादव बताते हैं, केंद्रीय गृह मंत्रालय के तत्वावधान में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा तीनों नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन को लेकर जो लाइव प्रदर्शनी आयोजित की गई थी, वह अभी तक जारी है।

# फ्लैगशिप योजनाओं के लिए अलग वॉररूम

## मुख्यमंत्री फडणवीस की घोषणा

## सरकार के आगामी मार्गदर्शन की दिशा स्पष्ट

**मुंबई.**

महाराष्ट्र एक असिमित ताकद वाला राज्य है। अब हम नंबर एक पर हैं, इसलिए अब रुकना नहीं चाहिए, ऐसा मंत्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के सचिवस्तरीय अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पुरानी पुण्याई तो है, लेकिन नई पुण्याई फिर से हासिल करनी होगी। इसी दौरान, मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के लिए एक अलग वॉररूम शुरू करने का निर्देश भी दिया। विधानभवन में मुख्यमंत्री फडणवीस ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने सरकार की आगामी कार्ययोजना की दिशा को स्पष्ट किया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पारदर्शिता, गतिशीलता और प्रामाणिकता पर अधिक ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग का पूरी तरह से उपयोग करते हुए राज्य की प्रगति को तेज किया जाए। इसके लिए अधिक समन्वय और निरंतर निगरानी की व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के माध्यम से इस व्यवस्था को लागू करने की बात भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के प्रकल्पों के लिए एक वॉररूम पहले से ही है, लेकिन उसे और कार्यक्षम बनाना चाहिए। मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि इस वॉररूम में कौन से प्रकल्प होने चाहिए, इसकी पुनः संरचना की जाए। इसी तर्ज पर राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के लिए भी एक अलग वॉररूम शुरू किया जाएगा। इससे लाभ आम जनता तक तेजी से पहुंचेगा। इसके लिए जनता दरबार, लोकशाही दिन जैसे कार्यक्रमों को गति दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इन कार्यक्रमों को तळागाळ तक पहुंचाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की सभी वेबसाइट्स को आरटीआई फ्रेंडली बनाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने 'इज ऑफ लिविंग' पर जोर दिया और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य



भर के नागरिकों को किस कारण से सेवाओं की आवश्यकता है और कैसे उन्हें घर बैठे सेवाएं मिल सकती हैं। इसके लिए छह-छह महीने के दो टप्पों में उद्देश्य निर्धारित किए जा सकते हैं। इसके लिए रिटायर्ड अधिकारियों के अनुभव का लाभ लिया जा सकता है और उनकी एक समिति बनाकर अध्ययन रिपोर्ट तैयार की जा सकती है।

कर्मचारियों की शिकायतों को प्राथमिकता देने की बात भी मुख्यमंत्री ने की। उन्होंने निर्देश दिया कि कर्मचारी सीधे सचिवों से संवाद करें और उनके मुद्दों का समाधान किया जाए। नए नियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए, ताकि वे अपनी सेवाओं से संबंधित जिलों में कार्य करने में सक्षम हो सकें। मुख्यमंत्री फडणवीस ने नागरिकों को सुविधाएं देने और प्रशासनिक कामकाज में अधिक से अधिक तकनीकी उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को 100 दिन का कार्यक्रम तैयार करना होगा और उसे सादर प्रस्तुत करना होगा।

### सभी विभागों के पोर्टल अपडेट होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का पोर्टल फिर से पूरी क्षमता से चलाना होगा। जिल्हों के पालक सचिवों को निर्देश दिया गया कि वे अपने जिलों के दौरे शुरू करें और वहां अपने अनुभव का लाभ उन जिलों को दें। सभी विभागों के पोर्टल को अपडेट किया जाए और उन्हें प्रभावी बनाया जाए। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को संभवतः घर बैठे सभी सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो विभाग अच्छा काम करेंगे, उन्हें मंत्रिमंडल की बैठक में सम्मानित किया जाएगा।

# सुधार गृह में 18 वर्षीय युवक का उत्पात

## > केयरटेकर पर किया हमला

**मुंबई.** हत्या के आरोप में डोंगरी किशोर सुधार गृह में हिरासत में लिए गए 18 वर्षीय युवक ने शनिवार को कथित तौर पर 'गृहपाल' (खाना बांटने के लिए जिम्मेदार केयरटेकर) और सुरक्षा कर्मचारियों पर हमला किया. कथित तौर पर उसने घटना के दौरान एक टेलीविजन को भी नुकसान पहुंचाया और खुद को भी घायल कर लिया.

50 वर्षीय केयरटेकर द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, डोंगरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें धारा 132, 352, 351(3), 115(2) और धारा 3 शामिल है, जो सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने



से संबंधित है.

यह घटना शाम करीब 4 बजे हुई, जब केयरटेकर सुरक्षा और पुलिस कर्मचारियों के साथ नाश्ता बांट रहा था. आरोपी ने कथित तौर पर अपने कमरे की सलाखों के जरिए हाथ बढ़ाकर एक सुरक्षा गार्ड के सिर पर वार किया. जब केयरटेकर बीच-बचाव करने के लिए आगे बढ़ा, तो लड़के ने उसका कॉलर पकड़ लिया और उसका गला घोंटने की कोशिश की. डोंगरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव किया और केयरटेकर को बचाया.

# 2,500 परिवारों के पुनर्वास में देरी

## > पुल का निर्माण अटका

**मुंबई.** अंधेरी पश्चिम में मिल्लत नगर और गोरेगांव पश्चिम में भगत सिंह नगर के बीच एक पुल का निर्माण पिछले दो साल से अटका हुआ है. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) अभी भी उच्च न्यायालय से मंजूरी का इंतजार कर रहा है, जिसमें सबसे बड़ी चुनौती भगत सिंह नगर में 2,500 परिवारों को स्थानांतरित करना है.

बीएमसी के रिकॉर्ड के अनुसार, ओशिवारा क्रीक पर 500 मीटर लंबे केबल-स्टेड पुल को 2022 के अंत में मंजूरी दी गई थी. 418.35 करोड़ रुपये की लागत वाले छह लेन के पुल का उद्देश्य न्यू लिंक रोड पर यातायात को कम करना है. यह अंधेरी लोखंडवाला से वाहन चालकों के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा. पुल मिल्लत नगर में मस्जिद अल सलाम चौक से शुरू होगा और भगत सिंह नगर में समाप्त होगा. निर्माण शुरू होने के चार साल बाद इस परियोजना के पूरा होने की उम्मीद है.

पिछले दो सालों में बीएमसी को सभी ज़रूरी पर्यावरण मंज़ूरियाँ मिल गई हैं, लेकिन उसे अभी भी बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतिम मंज़ूरी का इंतज़ार है. बीएमसी अधिकारियों का कहना है कि मामले की सुनवाई जल्द ही होगी. उन्होंने यह भी बताया कि भगत



सिंह नगर का उत्तरी हिस्सा सड़क पर लगभग 450 ढाँचों से अवरुद्ध है और जिस इलाके में नई सड़क जुड़ेगी, वहाँ लगभग 1,600 और ढाँचे हैं.

नागरिक कार्यकर्ता पुल परियोजना में देरी की जाँच की माँग कर रहे हैं. कार्यकर्ता अनिल गलगली ने कहा कि किसी भी परियोजना को मंज़ूरी देने से पहले रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए. दो हज़ार से ज़्यादा झुग्गियों का पुनर्वास कुछ दिनों में पूरा होने वाला काम नहीं है. इस तरह की देरी से सिर्फ़ परियोजना की लागत बढ़ती है. उन्होंने कहा कि यह खराब नियोजन का एक उदाहरण है जिसकी जांच की आवश्यकता है. अंधेरी पश्चिम के निवासी धवल शाह ने कहा, "लिंक रोड पर बना पुल बहुत पुराना है और इसे कभी भी मरम्मत के लिए बंद किया जा सकता है. वैकल्पिक मार्ग की तत्काल आवश्यकता है." शाह ने कहा, "लिंक रोड पर भी बहुत अधिक ट्रैफिक जाम है. नया पुल इस भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगा.

# बीड के सरकारी अस्पताल में नकली दवा

## > चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बिड.**

बीड जिले में एक सरकारी अस्पताल को नकली दवा की आपूर्ति करने के आरोप में अधिकारियों ने चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा अंबाजोगाई में स्वामी रामानंद तीर्थ अस्पताल में की गई गहन जांच के बाद 5 दिसंबर को मामला दर्ज किया गया. स्वामी रामानंद तीर्थ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल अंबाजोगाई में एक प्रमुख स्वास्थ्य सुविधा है, जो बीड और आसपास के जिलों से मरीजों को आकर्षित करती है. एफडीए की जांच के दौरान, यह पाया गया कि आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली एंटीबायोटिक एज़िथ्रोमाइसिन की गोलियां नकली पाई गईं.

रिपोर्ट के मुताबिक जांच में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नकली दवाओं को 1940 के औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम और 1945 में स्थापित संबंधित नियमों के तहत जब्त किया गया था. जांच में पता चला



कि नकली दवा की 50 लाख से अधिक गोलियां महाराष्ट्र और गुजरात के चार आपूर्तिकर्ताओं से खरीदी गई थीं. पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, इन आपूर्तिकर्ताओं पर अब भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी, बेईमानी से दूसरों को संपत्ति देने के लिए प्रेरित करने, जालसाजी और दवाओं को एक अलग दवा या तैयारी के रूप में अवैध रूप से बेचने के आरोप हैं.

नकली दवा की खोज के बाद, स्वामी रामानंद तीर्थ अस्पताल के अधिकारियों ने तुरंत इन गोलियों के उपयोग को रोक दिया. अंबाजोगाई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डीन शंकर धपटे ने प्रेस को दिए एक बयान में पुष्टि की कि प्रभावित दवा के सभी उपयोग को तुरंत रोक दिया गया था, यह सुनिश्चित करते हुए कि आगे किसी भी मरीज को नकली एज़िथ्रोमाइसिन नहीं दिया जाएगा.

यह मामला भारतीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में नकली दवाओं के बढ़ते मुद्दे के बारे में चिंताओं को बढ़ाता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करता है. वितरण और आपूर्ति श्रृंखला की पूरी सीमा निर्धारित करने के साथ-साथ किसी भी अन्य प्रभावित स्वास्थ्य सुविधाओं की पहचान करने के लिए अधिकारी अपनी जांच जारी रख रहे हैं. एफडीए और पुलिस ने नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की शपथ ली है.

# व्यक्ति के साथ शेयर निवेश में लाखों की धोखाधड़ी

**मुंबई.** पुलिस ने सोमवार को बताया कि नवी मुंबई के 60 वर्षीय एक व्यक्ति को साइबर जालसाजों ने शेयरों में निवेश करने का लालच देकर 58 लाख रुपये की ठगी की है. पुलिस के अनुसार, पीड़ित, जो एक डिजाइन सलाहकार है, को अक्टूबर में जालसाजों ने शेयर निवेश पर आकर्षक रिटर्न का आकर्षक प्रस्ताव दिया था. एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार कथित तौर पर संदिग्धों ने व्यक्ति को ऑनलाइन लिंक भेजे, जिसमें उसे कथित निवेश के लिए पैसे जमा करने का निर्देश दिया गया था. हालांकि, जब व्यक्ति ने बाद में अपने फंड और अपेक्षित रिटर्न के बारे में पूछताछ करने की कोशिश की, तो जालसाज कोई संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे, जिससे संदेह पैदा हुआ.

रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने एक प्रसिद्ध राष्ट्रीयकृत बैंक के शेयर ट्रेडिंग डिवीजन से जुड़े होने का दावा किया, जिससे पीड़ित को उनके प्रस्ताव की वैधता का और अधिक विश्वास हो गया. पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, साइबर पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम



की धारा 336 (3) (जालसाजी), 318 (4) (पहचान बताकर धोखाधड़ी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया.

पीड़ित के खाते के अनुसार, कथित निवेश के लिए कई जमा करने के बाद, उसने 16 अक्टूबर से 28 नवंबर के बीच कुल 58 लाख रुपये खो दिए. जालसाजों ने उसे एक निवेश विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें 5.12 करोड़ रुपये का खाता शेष दिखाया गया था. हालांकि, जब पीड़ित ने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे बताया गया कि उसे अपने धन तक पहुँचने के लिए अतिरिक्त 50.8 लाख रुपये का भुगतान करना होगा. शिकायतकर्ता ने धोखाधड़ी की सीमा का एहसास होने पर, सहायता के लिए साइबर पुलिस से संपर्क किया. अधिकारियों ने मामले की जाँच शुरू कर दी है और साइबर घोटाले में शामिल अपराधियों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं.

# बदमाशों ने आरटीओ एजेंट को लूटा

**डोंबिवली.** डोंबिवली पुलिस स्टेशन में एक आरटीओ एजेंट को धमकाकर उससे 1 लाख रुपये वसूलने की शिकायत दर्ज की गई है. कल्याण के हाजी मलंग रोड पर आरटीओ एजेंट के रूप में काम करने वाले शिकायतकर्ता के कार्यालय में 4 व्यक्ति आए और खुद को पुलिस होने का दावा किया. उसने एजेंट से कार में अपने साथ आने को कहा. इसके बाद उन्होंने कार में एजेंट को धमकी देते हुए कहा कि उसके खिलाफ कफ परेड पुलिस स्टेशन में 4 मामले दर्ज किए गए हैं और उसे आरटीओ एजेंट के रूप में काम नहीं करने के लिए कहा. इसके बाद उसने एजेंट से कहा कि अगर इस केस से नाम वापस लेना है तो पांच लाख रुपये. इसके बाद कटाई नाका के पास एजेंट से एक लाख रुपये छीनकर कार से भाग गए. इसके बाद शिकायतकर्ता ने इस संबंध में मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ जबरन वसूली का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी.

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 7917 Dt. 02/12/24

**IN THE COURT OF 5th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 417**

**M.J.C. Case No. 1032/2024**

**Fixed For 11/12/2024**

**Applicant : 1) Purushottam S/o Sonbaji Rakshak,** R/o Plot No. 14, Adiwasi Society, Beltarodi Road, Near Mahajan Hardware, Nagpur, **2) Karina D/o Purushottam Rakshak,** R/o Plot No. 14, Adiwasi Society, Beltarodi Road, Near Mahajan Hardware, Nagpur, **3) Vandana W/o Vilas Dhage,** R/o House No. 20, Ward No. 3, Mouza Jamtha, Wardha Road, Nagpur, **4) Manisha W/o Jiwan Gawali,** R/o Galbardi, Ward No. 4, Mohpa, Nagpur. **--Versus--**

**Non-Applicants:** Nil

**Name of Deceased: 1) Hira Purushottam Rakshak, Died On: 14/05/2021,** R/o Beltarodi Road, Near Mahajan Hardware, Gondwana Nagar, Nagpur.

Whereas **Hira Purushottam Rakshak, Died On: 14/05/2021,** R/o Beltarodi Road, Near Mahajan Hardware, Gondwana Nagar, Nagpur. and Whereas **Purushottam S/o Sonbaji Rakshak & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Purushottam S/o Sonbaji Rakshak & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **5th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **11th Day of December, 2024** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **30th day of November, 2024.**

Seal **By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

# समाजवादी पार्टी के बीच बढ़ती तकरार

## > यूबीटी पर हिंदुत्ववादी भूमिका बरकरार रखने का आरोप

**मुंबई.**

उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) पर हिंदुत्ववादी भूमिका बरकरार रखने का आरोप लगाकर महा विकास आघाडी से नाता तोड़ने वाली समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। सपा के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी ने शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) पर जो आरोप लगाए थे, उनके जवाब में शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र में सपा को बीजेपी की बी टीम कह दिया। इसके जवाब में सपा के विधायक रईस शेख ने शिवसेना (यूबीटी) से पूछा कि पहले ये बताओ कि भायखला, वर्ली और बांद्रा पूर्व जैसे इलाकों में जो वोट शिवसेना यूबीटी को मिले



हैं, वे किसके हैं? आदित्य ठाकरे ने आज़मी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव जो समाजवादी पार्टी चला रहे हैं, वह महाराष्ट्र की समाजवादी पार्टी से बहुत अलग है। यूपी में अखिलेश की सपा इंडिया अलायंस का नेतृत्व कर रही है और यहां महाराष्ट्र में जो लोग सपा का नेतृत्व कर रहे हैं, वे बीजेपी की बी टीम की तरह काम कर रहे हैं। हमने उन लोगों को विधानसभा में भी देखा है और हाल के चुनावों में भी उन्हें बीजेपी की बी टीम की तरह काम करते देखा है। लेकिन फिलहाल मैं इस विषय को ज्यादा खींचना नहीं चाहता। जहां तक उद्धव ठाकरे के या शिवसेना के हिंदुत्व का सवाल है, हमने कभी हिंदुत्व को छोड़ने की बात नहीं की।

हमारा हिंदुत्व पूरे महाराष्ट्र को पता है। हमारा हिंदुत्व सभी धर्मों और समाज को साथ लेकर चलने वाला है। जो लोग बीजेपी की ए या बी टीम बनकर काम कर रहे हैं, वे हमें हिंदुत्व न सिखाएं। इंडिया अलायंस संविधान की लड़ाई लड़ रहा है। हम सब साथ मिलकर जनता की आवाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। इंडिया अलायंस के नेताओं से हमारा बेहतर समन्वय है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव इंडिया अलायंस के लिए अच्छा काम कर रहे हैं।

### सपा विधायक का पलटवार

शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे के इस बयान के बाद सपा के नव निर्वाचित विधायक रईस शेख ने कहा कि जब हम एक गठबंधन होते हैं तो गठबंधन का एक समान कार्यक्रम होता है। उसी पर चलना होता है। महाराष्ट्र में सपा को बीजेपी की बी टीम कहने से पहले आदित्य ठाकरे को इस बात का जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी को भायखला, वर्ली और बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्रों में जो वोट मिलें हैं, वे किस समाज के हैं?

### आज़मी ने लगाया था आरोप

आज़मी ने कहा था कि हम एमवीए छोड़ रहे हैं। मैं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव से बात कर रहा हूं। शिवसेना (यूबीटी) के विधान परिषद सदस्य मिलिंद नार्वेकर ने बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ ही शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का कथन लिखा, 'मुझे उन लोगों पर गर्व है, जिन्होंने यह किया। पोस्ट में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और खुद की तस्वीरें भी पोस्ट कीं।' आज़मी ने कहा, 'अगर एमवीए में कोई भी ऐसी भाषा बोलता है, तो बीजेपी और उनके बीच क्या अंतर है? हमें उनके साथ क्यों रहना चाहिए?'

# भीषण हादसे में 2 ट्रेनी पायलटों की मौत, 2 गंभीर

**पुणे.** पुणे जिले में ड्रिंक एंड ड्राइव के कारण भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें दो ट्रेनी पायलटों की मौत हो गई और दो घायल हुए है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा जैनिकवाड़ी गांव के पास बारामती भिगवान रोड पर हुआ। इस दुर्घटना में 2 ट्रेनी पायलटों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

पुणे ग्रामीण पुलिस के मुताबिक, बारामती-भिगवान रोड पर देर रात करीब साढ़े तीन बजे यह दुर्घटना हुई। पीड़ित बारामती के एक निजी विमानन अकादमी के प्रशिक्षु पायलट हैं। प्राथमिक जांच से पता चला है कि चारों नशे में थे और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे तेज रफ्तार कार पलट गई। मामले की आगे की जांच जारी है।

बारामती स्थित 'रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी' के ट्रेनी पायलटो ने अपने कमरे में छोटी सी पार्टी की, इस दौरान उन्होंने शराब भी पी। इसके बाद वें एसयूवी में घूमने निकले। लेकिन भिगवान की ओर जाते समय एक मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन एक पेड़ से टकराने के बाद पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेनी पायलट तक्षु शर्मा (21 वर्ष)) और आदित्य कनासे (21 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।

## आज का राशिफल

मेष -आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे.

मिथुन -आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिलेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आज आपकी मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे परेशान रहेंगे।

कन्या -आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपका कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक रहेगी।

धनु-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर कार्य क्षेत्र में दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है।

मकर-आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने के लिए रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपका थोड़ी टेंशन रहेगी।

# महाराष्ट्र चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन खतरे में

## >शरद पवार अब कांग्रेस से दूरी बनाना चाहते

**मुंबई.** इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के बहाने कांग्रेस पर शरद पवार के तेवर बदले-बदले से लग रहे हैं। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी पहले ही इंडिया गठबंधन के स्टेट संस्करण एमवीए से नाता तोड़ चुकी है। संभल की घटना के बाद से भी सपा और कांग्रेस के रिश्तों में गांठ ज्यादा, बंधन कम दिखाई दे रहा है। ऐसे में शरद पवार का इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी के नाम को समर्थन देना एक नई कहानी बुनता नज़र आ रहा है। वैसे भी महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद तो किसी को नहीं मिल रहा, जिससे कि विपक्ष के नाते ही सही शरद पवार को कांग्रेस का समर्थन करना पड़े।

इसी कारण इंडिया गठबंधन की अगुवाई के मामले में शरद पवार का खुलकर ममता बनर्जी पर भरोसा जताने को कांग्रेस नेतृत्व को कमजोर दिखाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पवार के बयान को



महाराष्ट्र में भी कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए शरद पवार ने ममता बनर्जी का समर्थन करते हुए कहा है कि ममता में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता है। वे आक्रामक हैं और उन्होंने कई लोगों को खड़ा किया है। शरद पवार के इस बयान के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। बीजेपी नेता प्रवीण दरेकर ने कहा है कि ममता बनर्जी के बहाने शरद पवार यह मेसेज देना चाहते हैं कि राहुल गांधी का नेतृत्व अक्षम है और अब कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में असमर्थ है।

वहीं राजनीतकि विश्लेषक निरंजन परिहार कहते है, 'शरद पवार ने राहुल गांधी को कभी अपना नेता नहीं माना। डेढ़ साल बाद शरद पवार का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। अब उनके पास इतने विधायक भी नहीं कि फिर से चुनकर जा सकें। ऐसे में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस के कब्जे से निकलना उनके लिए दूरगामी फायदे का हो सकता है।'

**महाराष्ट्र, हरियाणा चुनाव से कांग्रेस कमजोर**

कांग्रेस आज भी राहुल गांधी को ही इंडिया गठबंधन का उपयुक्त नेता मानती है। लेकिन हाल के राजनीतिक घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ें तो एक मुक्कमल तस्वीर दिखाई दे सकती है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कर्नाटक और तेलंगाना की जीत से कांग्रेस की जो अकड़ बढ़ी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों ने ढीला कर दिया है। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है। संभल की घटना को लेकर जब अखिलेश की सपा के सांसद संसद के भीतर बहस कर रहे थे, कांग्रेस के सांसद बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

**महाराष्ट्र शासन**
**जलसंपदा विभाग**

**ई- निविदा सूचना क्र.२३ सन २०२४-२५ तीसरी वेळ**

कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, नागपूर- ४४०००१ (दूरध्वनी क्रमांक ०७१२-२५२२४२५) हे नमुना "ड" (पीडब्लूडी ९९एम) मध्ये पुढे नमूद केलेल्या कामासाठी मूळ उत्पादक, मूळ उत्पादकाचे अधिकृत वितरक किंवा मूळ उत्पादकाचे मान्यताप्राप्त विक्रेते यांचेकडून ऑनलाईन निविदा मागवित आहेत. सदर कामाचे कोरे निविदा संच महाराष्ट्र शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहेत.

**कामाचे वर्णन**:- आंभोरा, ता. कुही, जि. नागपूर येथील जलपर्यटन व विकास कामाकरिता ०२ नग हॉवरक्राफ्ट व १ नग बोट विथ पॅरासिलिंग विंच SUPPLY, TESTING, REGISTRATION & COMMISSIONING करण्याचे कामे.

**अंदाजित किंमत (रू.)**:- रू. ७,४७,५२,४७५/-

**को-या निविदा संचाची किंमत (रू.)**:-रू. १०,०००/-

निविदा कार्यवाहीचा तपशील व ई-निविदा वेळापत्रक खालीलप्रमाणे आहे.

| | | |
|---|---|---|
| १ | निविदा डाउनलोड करणे व तयार करणे कालावधी | दि.१०/१२/२०२४ (११.०० वाजेपासुन) ते दि.२०/१२/२०२४ (१८.०० वाजेपर्यंत) |
| २ | शंका प्राप्त करुन घेणे | दि.१०/१२/२०२४ (११.०० वाजेपासुन) ते दि.१३/१२/२०२४ (१८.०० वाजेपर्यंत) |
| ३ | निविदा सादर करणेचा कालावधी (तांत्रिक व दराबाबतची निविदा कार्यवाही) | दि.१०/१०/२०२४ (११.०० वाजेपासुन) ते दि.२०/१२/२०२४ (१८.०० वाजेपर्यंत) |
| ४ | निविदा उघडण्याचा दिनांक व वेळ | दि.२३/१२/२०२४ सकाळी १०.०० वाजता (शक्य झाल्यास) व पुढे प्रक्रिया पुर्ण होईपर्यंत |
| ५ | सविस्तर निविदा सुचना महाराष्ट्र शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. | |

**सुचना**:- इ.एम.डी. रक्कम व निविदा अर्ज किंमत इ. ऑनलॉइन पध्दतीनेच भरणे आवश्यक आहे. कृपया निविदाकारांनी www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावरील सुचनेप्रमाणे ऑनलॉइन पेमेंट करणे आवश्यक आहे.
सदर बाबत शंका समाधानाकरीता निम्न नमुद केल्यानुसार संपर्क करण्यात यावा.
१) **एन.आय.सी. २४४७ मदतकक्ष दुरध्वनी क्र.** १८०० ३०७० २२३२ भ्रमणध्वणी क्र. ०७८७८१०७९८५/८६
२) कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, नागपूर-४४०००१ फोन नं. ०७१२-२५२२४२५

**स्वा./-**
**कार्यकारी अभियंता,**
**यांत्रिकी विभाग**
**नागपूर**

**क्रमांक : आरओसी 2024-25 क्र.5/C४९४८**

## सुविचार

जो बुरा लगे उसे त्याग दो फिर चाहे वो विचार हो कर्म हो या मनुष्य

## संपादकीय

# मुश्किल में आईएनडीआईए चुनावी नाकामियों ने दरार बढ़ाई

प्रीति जिंटा की अपने बच्चों के साथ बहुत अच्छी ट्यूनिंग है. वो कुछ न कुछ करते हुए उनकी फोटोज पोस्ट करती रहती हैं. हाल ही में संडे को प्रीति ने अपने बेटे जय की कुछ फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में उनके बेटे हाथ में बेलन लेकर रोटी बनाते नजर आ रहे हैं. फोटोज में देखा जा सकता है कि जय अपनी नानी के साथ किचन में खड़े हैं और उनके हाथ में बेलन है. नानी जय को रोटियां बनाना सिखा रही हैं और वो बड़ी दिलचस्पी से उनको देख रहे हैं. एक फोटो में वो रोटी बनाने की कोशिश करते भी दिख रहे हैं. फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में प्रीति जिंटा ने लिखा, "जिंदगी में सबसे अच्छी चीज है फ्री. जैसे कि नानी मां और हमारे छोटे शेफ जय के हाथ से बनी रोटी खाने की खुशी. सभी को हैप्पी संडे." प्रीति जिंटा की बेटे जय के अलावा एक बेटी भी है, जिसका नाम है जिया. दोनों की फोटोज प्रीति के सोशल मीडिया पर खूब देखने को मिलती है. कुछ दिन पहले प्रीति जिंटा आईपीएल में अपनी टीम की नीलामी के लिए नजर आई थीं. उन्होंने पोस्ट शेयर कर अपनी टीम के प्लेयर्स को लेकर फैंस से सुझाव मांगे थे. इसके अलावा उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर होटल की बालकनी और कमरे की झलक भी दिखाई थी. वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रीति जिंटा आने वाली फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आने वाली हैं. ये एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं और इसके प्रोड्यूसर आमिर खान हैं. इस फिल्म में उनके साथ सनी देओल भी नजर आएंगे.

# करण जौहर की मां अस्पताल में भर्ती



☐ डायरेक्टर करण जौहर की मां हीरू यश जौहर की बीते दिन तबीयत खराब हो गई थी। जिस वजह से उन्हें मुंबई के बीते दिन अंबानी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीते दिन पैपराजी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया था जिसमें करण अपनी मां के अस्पताल से जाते नजर आ रहे थे। करण जौहर के अस्पताल जाने के बाद जाने माने फैशन डिजाइनर मनीषा मल्होत्रा की कार को भी अस्पताल के बाहर स्पॉट किया गया। मनीष मल्होत्रा करण जौहर की मां का हालचाल लेने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। मनीष करण जौहर की मां के जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। विरल भियानी ने अपने इंस्टा हैंडल पर वीडियो शेयर कर लिखा- 'करण जौहर और मनीष मल्होत्रा को अंबानी अस्पताल में हीरू जौहर से मिलते देखा गया, जिन्हें पिछले दिन भर्ती करवाया गया था। परिवार के एक सदस्य ने आश्वासन देते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।' आपको बता दें कि करण जौहर ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है और ना ही इस बात की जानकारी मिली है कि हीरू जौहर किस वजह से अस्पताल में भर्ती हुई हैं।

# अफ्रीका ने लंका को 109 रन से हराया

## साउथ अफ्रीका की जीत से बढ़ी टीम इंडिया की टेंशन | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर



**गकबेर्हा/ दिल्ली.**

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए। डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। कप्तान सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज फेल, श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाए। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में खेला गया. इस मुकाबले में मेजबान टीम साउथ अफ्रीका ने 109 रनों से जीत हासिल की. मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 348 रनों का टारगेट मिला था. लेकिन उसकी पूरी टीम मुकाबले के पांचवें दिन (9 दिसंबर) अपनी दूसरी पारी में 238 रनों पर ढेर हो गई. इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया.

श्रीलंका के खिलाफ इस धमाकेदार जीत के बाद साउथ अफ्रीका को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में बड़ा फायदा हुआ है. अफ्रीकी टीम अब वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की अंकतालिका में पहले नंबर पर आ गई है. अब साउथ अफ्रीका के 10 मैचों में 6 जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 76 अंक हैं. साउथ अफ्रीका का अंक प्रतिशत 63.33 है, जो ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा है. उधर ऑस्ट्रेलियाई टीम अब दूसरे नंबर फिसल गई है. ऑस्ट्रेलिया के अब तक 14 मैचों में 9 जीत, चार हार और 1 ड्रॉ से 102 अंक हैं. उसका अंक प्रतिशत 60.71 है. तीसरे नंबर पर मौजूदा भारत के 16 मैचों में 9 जीत, 6 हार और एक ड्रॉ से 110 अंक हैं. उसके अंकों का प्रतिशत 57.29 है. भारत को मौजूदा चक्र में 3 मैच और खेलने हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के ही खिलाफ हैं. श्रीलंकाई टीम इस हार के बावजूद चौथे नंबर पर है, लेकिन उसकी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं. श्रीलंका के 45.45 प्रतिशत अंक हैं और वह अधिकतम 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकती है. इंग्लैंड पांचवें और न्यूजीलैंड छठे नंबर पर है. जबकि पाकिस्तान सातवें, बांग्लादेश आठवें और वेस्टइंडीज नौवें स्थान पर है. न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज फाइनल की रेस से पूरी तरह आउट हो चुका है. जयसूर्या को 5 विकेट, श्रीलंका से दूसरी पारी में स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिए। विश्वा फर्नांडो को 2 विकेट मिले, वहीं असिथा फर्नांडो और लहिरु कुमारा के हाथ 1-1 सफलता आई। एक बैटर रनआउट भी हुआ। श्रीलंका की खराब शुरुआत, 348 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की शुरुआत खराब रही। दिमुथ करुणारत्ने 1 और पाथुम निसांका 18 रन बनाकर आउट हो गए। मिडिल ऑर्डर बैटर्स ने पारी संभाली, लेकिन 3 बैटर्स सेट होने के बाद आउट हो गए। दिनेश चांदीमल ने 29, एंजलो मैथ्यूज ने 32 और कामिंडु मेंडिस ने 35 रन बनाए।



### स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए

### बावुमा ने फिफ्टी लगाई



चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 191/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। बावुमा ने फिफ्टी लगाई, वह 66 रन बनाकर आउट हुए, वहीं स्टब्स ने 47 रन बना दिए। डेविड बेडिंघम ने 35 रन का योगदान दिया। 5 टैलेंडर्स ने भी 8 से 14 रन की पारियां खेलीं और स्कोर 317 रन तक पहुंचा दिया। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 30 रन की बढ़त ली थी, इसलिए श्रीलंका को 348 रन का टारगेट मिला।



### भारत का बदला समीकरण

देखा जाए तो साउथ अफ्रीका के लिए फाइनल का रास्ता अब आसान हो गया है. साउथ अफ्रीका को अब पाकिस्तान के खिलाफ अपने घर पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. यदि अफ्रीकी टीम इस सीरीज में एक भी मुकाबला जीत जाती है तो वह वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच जाएगी. उधर भारतीय टीम के लिए समीकरण और मुश्किल हो गया है. भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 4-1 से जीत हासिल करनी होगी. यानी भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए बाकी के तीनों मैच जीतने होंगे, ताकि वो 63.15 प्रतिशत अंकों तक पहुंच जाए. हालांकि, अगर भारतीय टीम एक भी टेस्ट हार जाती है, तो अंक प्रतिशत घटकर 57.89 हो जाएगा. ऐसी स्थिति में भारतीय टीम को उम्मीद करनी होगी कि पाकिस्तान साउथ अफ्रीका को 2-0 से हरा दे. जबकि श्रीलंका अपने घर पर ऑस्ट्रेलिया को 2-0 या 1-0 से हराए, नहीं तो दोनों टेस्ट ड्रॉ हो जाए.

---

# मोहम्मद शमी ने खेली 32 रनों की तूफानी पारी



**बेंगलुरु.**

दरअसल, यहां मोहम्मद शमी ने अपनी टीम बंगाल के लिए मुश्किल समय में 17 बॉल पर 188.24 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए नाबाद 32 रन जड़े। इस दौरान शमी का बल्ला चंडीगढ़ के अनुभवी तेज गेंदबाज़ संदीप शर्मा पर गरजा और उन्होंने एक ओवर में 19 रन लूट लिये। ये घटना बंगाल की इनिंग के आखिरी ओवर में घटी। संदीप शर्मा काफी अच्छी बॉलिंग कर रहे थे और उन्होंने अपने शुरुआती तीन ओवर में सिर्फ 20 रन खर्चे थे। हालांकि उन्हें ये उम्मीद नहीं थी कि अब मोहम्मद शमी उनकी पूरी इकोनॉमी बिगाड़ने वाले हैं। इस ओवर में शमी ने हर बॉल पर अपने पास स्ट्राइक रखी और दो गज़ब के छक्के और एक गज़ब का चौका जड़ा। इतना ही नहीं, इसी बीच उन्होंने एक डबल भी चुराया और संदीप शर्मा ने बंगाल को एक वाइड डालते हुए रन भी गिफ्ट किया। इस तरफ यहां बंगाल की टीम को मोहम्मद शमी की धुआंधार बैटिंग के दम पर आखिरी ओवर से पूरे 19 रन मिले।

इसी के साथ ही संदीप शर्मा का इकोनॉमी रेट भी आसमान को छूते हुए 9.75 (4 ओवर में 39 रन) हो गया। बात करें अगर इस मुकाबले की तो मोहम्मद शमी की पारी के दम पर बंगाल एक अच्छे टोटल तक पहुंचने में कामियाब रही और उन्होंने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन स्कोरबोर्ड पर टांगे। खबर लिखे जाने ये घातक गेंदबाज़ बंगाल के लिए 3 ओवर करते हुए महज़ 13 रन देकर एक विकेट चटका चुका है। फिलहाल ये मैच जीतने के लिए चंडीगढ़ को 12 बॉल पर 23 रनों की दरकार है। ऐसे में ये देखना काफी दिलचस्प रहेगा कि बंगाल के गेंदबाज़ उन्हें रोक पाते हैं या नहीं।

# गुजरात जाएंट्स ने यू-मुंबा को हराया

### सीजन के 100वें मैच को यादगार बनाया



**नई दिल्ली.** गुजरात जाएंट्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 100वें मैच में यू मुंबा को 34-33 से हरा दिया। मैच का फैसला अंतिम रेड पर हुआ, जिसमें रोहित राघव ने डू ओर डाई सिचुएशन में आए मंजीत को लपक गुजरात को यादगार जीत दिलाई। गुजरात ने 17 मैचों में पांचवीं जीत हासिल की जबकि मुंबा को इतने ही मैचों में छठी हार मिली। यह मैच शुरुआत से ही काफी करीबी रहा और इसे रोमांचक बनाने का श्रेय गुजरात के गुमान (10) और राकेश (10) के अलावा डिफेंस में रोहित (5) और सोमवीर (5) के साथ-साथ मुंबा के अजीत चव्हाण (14) और रोहित राघव (5) को जाता है। जीत के साथ एक स्थान की छलांग लगाने वाले गुजरात के डिफेंस ने 05 के मुकाबले 13 अंक लेकर उसे मुकाबले में बनाए रखा। मैच में गुजरात ने अच्छी शुरुआत करते हुए 3-1 की लीड बना ली थी, लेकिन मुंबा ने लगातार दो अंक लेकर तीसरे मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। इस बीच राकेश बिना टच के लाबी में गए और मुंबा पहली बार लीड में आ गए। फिर मंजीत ने डू ओर डाई रेड पर जीतेंद्र का शिकार कर स्कोर 5-3 कर दिया। गुजरात ने हालांकि जल्द ही स्कोर बराबर कर दिया। आठ मिनट बाद दोनों टीमें 6-6 की बराबरी पर थीं लेकिन इस बीच अजीत ने मल्टी प्वाइंटर के साथ मुंबा को 8-6 से आगे कर दिया, जो 10 मिनट की समाप्ति तक 9-6 हो गया। ब्रेक के बाद गुजरात ने एक अंक लिया, तो जफर ने मल्टी प्वाइंटर के साथ गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। गुजरात आलआउट के बिल्कुल करीब थे, लेकिन राकेश ने बोनस के साथ एक रिवाइवल ले लिया। इस समय स्कोर 12-13 था। इसके बाद अजीत गए और राकेश द्वारा सुपर टैकल कर लिए गए। अब गुजरात ने स्कोर 14-13 कर लिया था। इसके बाद राकेश डू ओर डाई रेड पर आए और रिंकू तथा सोमवीर का शिकार कर मुंबा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया।

जफर ने हालांकि उसे इस स्थिति से निकाल दिया और फिर मंजीत ने राकेश को लपक लिया। हाफटाइम तक गुजरात की टीम 16-15 से आगे थी, लेकिन उनके लिए सुपर टैकल आन था। ब्रेक के बाद मुंबा ने स्कोर बराबर किया और फिर आलआउट लेकर 20-17 की लीड ले ली। आलइन के बाद अजीत ने सुपर-10 पूरा किया। गुजरात ने हालांकि वापसी की राह पकड़ ली। उसने गुमान के मल्टी प्वाइंटर की मदद से स्कोर 22-22 कर लिया। मुंबा के लिए सुपर टैकल आन था। राकेश ने डू ओर डाई रेड में सुनील से गलती कराई और मुंबा को आलआउट की ओर धकेल दिया लेकिन रोहित ने बोनस के साथ एक रिवाइवल ले लिया। स्कोर फिर बराबर हो गया।

# पटना पाइरेट्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे



**नई दिल्ली.**

देवांक दलाल (14) और डिफेंस में अंकित (5) तथा दीपक (5) के शानदार खेल की बदौलत तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार को प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 50वें दिन खेले गए 99वें मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स को 38-28 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। 17 मैचों में 10वीं जीत हासिल करने वाली पटना के डिफेंस का इस कदर बोलबाला रहा कि उसने 17 रेड में अर्जुन देसवाल को सिर्फ 7 अंक लेने दिए। साथ ही जयपुर का डिफेंस भी नहीं चला। उसके खाते में 12 के मुकाबले सिर्फ पांच अंक आए। रेड में भी पटना ने 16 के मुकाबले 22 अंक लेकर इस सीजन में जयपुर को दूसरा बार हराकर अपना वर्चस्व कायम किया। शुरुआती 10 मिनट में जयपुर को 8-6 की लीड मिली हुई थी। जयपुर ने शानदार शुरुआत करते हुए तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली थी लेकिन पटना ने अपने डिफेंस और सुधाकर की मल्टी प्वाइंटर की बदौलत जल्द ही स्कोर 5-5 कर दिया। इसके बाद हालांकि जयपुर ने विकास के मल्टीप्वाइंटर की मदद से एक के मुकाबले तीन अंक ले दो अंक की लीड ले ली। शुरुआती 10 मिनट हालांकि पटना के स्टार रेडर्स-देवांक और अयान के लिए अच्छा नहीं रहा। अयान खाता भी नहीं खोल सके जबकि देवांक सिर्फ एक अंक ले सके। ब्रेक के बाद के शुरुआती पांच मिनट में भी फासला दो का बना हुआ था। इसी बीच विकास ने डू ओर डाई रेड पर युवराज को छकाकर स्कोर 11-8 कर दिया। देवांक के बोनस के बाद अर्जुन ने दीपक का शिकार किया लेकिन देवांक ने अंकुश का शिकार कर हिसाब बराबर किया। जयपुर ने जल्द ही 14-10 के स्कोर पर पटना को आलआउट की ओर धकेला और फिर इसे अंजाम देकर 18-12 की लीड ले ली। इसी स्कोर पर दोनों टीमों ने पाला बदला।

# शाह ने सुनाया कांबली से मुलाकात का किस्सा



**नई दिल्ली.** विनोद कांबली बुरे दौर से गुजर रहे हैं. भारत का ये पूर्व क्रिकेटर फिलहाल पाई-पाई का मोहताज है. सचिन तेंदुलकर के बचपन के ख़ास दोस्त विनोद कांबली ने कभी सचिन की तरह ही नाम और पैसा कमाया था लेकिन हालात इसके बिलकुल उलट है. ना ही उनका शरीर उनके साथ है और ना ही उनके पास अच्छी जिंदगी जीने के लिए इतना पैसा है. उन्हें कई बीमारियों ने घेर लिया है. अब वो सिर्फ बीसीसीआई से मिलने वाली पेंशन पर निर्भर हैं. इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विनोद कांबली को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है. केंद्रीय गृह मंत्री ने विनोद कांबली को लेकर कहा कि, 'चेन्नई में एक क्रिकेट कार्यक्रम के दौरान विनोद कांबली मुझे मिल गए थे. तब तक वे रिटायर हो चुके थे लेकिन एक जमाने में वे काफी अच्छे बैट्समैन माने जाते थे. मैंने उससे पूछा कि विनोद आप अपने जीवन में उतार चढ़ाव के समय सबसे ज्यादा खुश कब थे? वो समय मुझे बताए. मुझे लगा कि वे कहेंगे कि जब मैंने डबल सेंचुरी लगाई थी. लेकिन उन्होंने मुझसे कहा कि, 'सर, मैंने कई बड़े खिलाड़ियों को परास्त किया. हम जीते और कई रिकॉर्ड तोड़े, लेकिन आज भी मैं सबसे ज्यादा खुश तब होता हूं जब मैं किसी युवा खिलाड़ी को बैकफुट पर खेलना सिखाता हूं.' विनोद कांबली इंटरनेशल लेवल पर टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. भारत के लिए 100 से ज्यादा वनडे खेल चुके कांबली मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के बचपन के दोस्त हैं. एक समय दोनों की दोस्ती काफी मशहूर थी. लेकिन एक तरफ जहां सचिन 'क्रिकेट के भगवान' कहलाए तो दूसरी ओर कांबली लंबे अरसे से गुमनामी भरा जीवन जीने को मजबूर हैं. इसी बीच अमित शाह ने विनोद कांबली संग हुई एक मुलाकात को याद करते हुए पूर्व क्रिकेटर से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया. विनोद कांबली भारत के लिए 104 वनडे और 17 टेस्ट मैच खेल चुके हैं. उन्होंने अपना आख़िरी टेस्ट साल 1995 में खेला था. वहीं 50 ओवर के फॉर्मेट में वे आख़िरी बार मैदान पर साल 2000 में उतरे थे.

# पीवी सिंधु ने सचिन तेंदुलकर को दिया शादी का न्योता



**नई दिल्ली.** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु जल्द ही विवाह बंधन में बंधने जा रही हैं। 29 वर्षीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी 22 दिसंबर को वेंकट दत्त साई से शादी करेंगी। दोनों परिवार शादी की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में पीवी सिंधु अपने होने वाले पति वेंकट दत्ता साई के साथ मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को आमंत्रित करने के लिए उनके घर पर पहुंचीं। सचिन तेंदुलकर ने पीवी सिंधु को शुभकामनाएं देते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पोस्ट की है। सचिन तेंदुलकर ने कैप्शन में लिखा, बैडमिंटन में स्कोर हमेशा 'लव' से शुरू होता है.

# अश्विनी-तनीषा और सतीश कुमार ने गुवाहाटी मास्टर्स का खिताब जीता

**नई दिल्ली.**



महिला युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो तथा पुरुष एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त सतीश कुमार करुणाकरण ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन का खिताब जीता। अश्विनी और तनीषा ने चीन की ली हुआ झोउ और वांग जी मेंग को 43 मिनट के फाइनल में 21-18, 21-12 से हराया और प्रतिष्ठित खिताब को बरकरार रखा। दिन के आखिरी मैच में सतीश कुमार ने चीन के झू झुआन चेन पर 21-17, 21-14 से जीत हासिल कर अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में दूसरा सुपर 100 खिताब जोड़ा। 23 वर्षीय सतीश कुमार ने पिछले साल ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीता था और अब वह आत्मविश्वास के साथ भुवनेश्वर जाएंगे। यह प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण है, जिसे बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया और असम बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा युवा भारतीय शटलरों को बहुत जरूरी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। भारत के पास अंतिम दिन तीन खिताब जीतने का मौका था, लेकिन उभरती हुई अनमोल खरब उस लय को बरकरार नहीं रख सकीं, जिसके कारण वह चीन की कै यान यान के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद फ़ाइनल में 14-21, 21-13, 21-19 से हार गईं। भारत और चीन ने प्रतियोगिता में दो-दो खिताब जीते, जबकि मलेशियाई जोड़ी चिया वेइजी और ल्वी शेंग हाओ ने पुरुष युगल का खिताब जीता।

# स्टार खिलाड़ी हुई कार दुर्घटना में मौत

**नई दिल्ली.** प्रीमियर लीग फुटबॉल स्टार माइकल एंटोनियो शनिवार को एक भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है हादसे के दौरान उनकी फेरारी कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और माइकल एंटोनियो एक घंटे से ज्यादा समय तक कार में ही फंसे रहे। इसके बाद आपात सेवाओं ने उन्हें जैसे-तैसे कार से निकाला और सेंट्रल लंदन के अस्पताल में भर्ती कराया। उनके शरीर के निचले हिस्से में मल्टीपल फ्रैक्चर थे। जिनकी सर्जरी की गई है। अभी वह अस्पताल में ही डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में रहेंगे। बता दें कि ये हादसा टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत के कार हादसे भी भीषण था।

# डी गुकेश ने लगातार 11वें गेम में डिंग लिरेन को हराया

**नई दिल्ली.**



डी गुकेश ने लगातार आठ ड्रॉ के बाद बढ़त हासिल की है। गुकेश का लक्ष्य इतिहास में सबसे कम उम्र का क्लासिकल शतरंज चैंपियन बनने पर है। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल का 11वां मुकाबला सबसे रोमांचक बाजियों में से एक रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक ही चाल पर लगभग एक घंटा बिताया।

गुकेशन ने चैंपियन डिंग लिरेन को हराया और मुकाबले का स्कोर 6-5 कर दिया, जबकि केवल तीन गेम बचे हैं। गेम हारने के बाद स्पष्ट रूप से दुखी डिंग ने कहा कि ये मेरे लिए बहुत मुश्किल खेल था। पहले से ही चौथे मूव पर मुझे यकीन नहीं था कि मैंने सही विकल्प चुना है या नहीं। मुझे जीएम अधिबान के खिलाफ रैपिड टूर्नामेंट में खेला गया एक गेम याद था, लेकिन मुझे अन्य चालें याद नहीं थीं। मैंने कुछ बकवास विविधताओं की गणना करने में 40 मिनट बिताए।

इस अवसर पर समय की कमी निर्णायक थी। खेल समाप्त होने में केवल सात मिनट बचे थे, डिंग ने 28वीं चाल में गलती की, एक चाल के संयोजन में एक मोहरा गंवा दिया। 28 एनबी4 के बजाय, अपने अतिरिक्त मोहरे को अच्छे ड्रॉ अवसरों के साथ वापस देते हुए, उन्होंने हारने वाले 28 क्यूसी8 को खेला और 29. क़्यूएक्ससी 6 के बाद वह हार गए।

### 'मेरी पूरी टीम को बधाई'

वहीं, गुकेश ने कहा कि इस ओपनिंग की तैयारी के लिए मेरी पूरी टीम को बधाई, जिसने मेरे प्रतिद्वंद्वी को आश्चर्यचकित कर दिया। फिर मैंने कुछ बेवकूफी भरी चीजें कीं, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं इसे वापस लाने में सक्षम था। जबकि डिंग लिरेन ने याद किया कि वह पिछले मैच में बारहवें गेम में वापसी करने में सफल रहे थे। इसलिए मुझे अगले गेम में अच्छा खेलने की उम्मीद है।

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ दिखी एकजुटता

## > 100 से अधिक देशों में सड़कों पर उतरे प्रवासी भारतीय

**नई दिल्ली।**

बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समाज के लोगों के साथ जारी बर्बरता को लेकर विभिन्न देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय भी आक्रोशित हैं। 100 से अधिक देशों में प्रवासी भारतीय प्रदर्शनों, प्रार्थना सभाओं और ज्ञापन के जरिये बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ जारी हिंसा को रोकने और हिंदुओं की मानवाधिकार की रक्षा की मांग उठा रहे हैं।




समाज व सरकारों को स्थिति की भयावहता बता रहे हैं ताकि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की कठपुतली बनी अंतरिम सरकार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ाया जा सके और वहां अल्पसंख्यकों के अधिकार बहाल हो। जानकारी के मुताबिक, प्रवासी भारतीयों द्वारा अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीटजरलैंड, थाईलैंड, सिंगापुर और इंडोनेशिया समेत अन्य देशों में विरोध व जागरूकता अभियान तेज है।

यह अभियान बांग्लादेश के मुक्ति दिवस 16 दिसंबर तक चलेगा। उसी दिन भारत की मदद से बांग्लादेश वर्ष 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बना था। सोमवार 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय नरसंहार दिवस पर अमेरिका के कैपिटल हिल में बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी है। विदेशी धरती पर चल रहे इस अभियान में हिंदू स्वयंसेवक संघ व विहिप के साथ देशवार हिंदू धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक समेत अन्य संगठन साथ जुड़े हैं। हिंदू मूल के राजनीतिज्ञ, जनप्रतिनिधि व उद्यमी भी साथ आए हैं। बांग्लादेश के उत्पादों के बहिष्कार की भी मुहिम जोर पकड़ रही है। खासकर कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के परिधान बांग्लादेश में निर्मित होते हैं। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से आग्रह किया जा रहा है कि वे वहां से उत्पाद न मंगाए, क्योंकि इसमें हिंदुओं के खून सने हैं। इसी तरह इंटरनेट मीडिया पर कई ब्रांड के नाम उल्लेखित कर उसे बहिष्कार का अनुरोध किया जा रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र पर भी बनाया जा रहा दबाव

अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बांग्लादेश को आर्थिक मदद देने वाले देशों पर दबाव बनाने की कोशिश हो रही है कि वे उसे आर्थिक मदद तभी करें जब वहां हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों के अधिकार सुनिश्चित हों। प्रवासी भारतीयों द्वारा संयुक्त राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों पर भी लगातार दबाव बनाया जा रहा है कि वे मामले में हस्तक्षेप करें।

# फिर विवादों में जॉर्ज सोरोस

**नई दिल्ली।**

भाजपा ने आरोप लगाया है कि अमेरिका के डीप स्टेट के साथ मिलकर गांधी परिवार भारत के खिलाफ साजिश रचने में शामिल हैं। आज संसद में भी भाजपा ने इस मामले को उठाया और कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस फाउनडेशन से है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना चाहते हैं। जॉर्ज सोरोस एक अमेरिकी व्यवसायी हैं, जिनका जन्म हंगरी के बुडापेस्ट में 1930 में हुआ था। सोरोस की गिनती दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में होती है। उनका जन्म एक यहूदी परिवार में हुआ था, जो काफी समृद्ध था। सोरोस का परिवार हंगरी में नाजी कब्जे से निकलकर 1947 में ब्रिटेन आ गए। यहां उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स से पढ़ाई की।

जानकारों का कहना है कि सोरोज ने अपनी पढ़ाई के लिए रेलवे पोर्टर और वेटर के तौर पर भी काम किया। इसके बाद 1956 में वो अमेरिका चले गए जहां उन्होंने वहां यूरोपिय प्रतिभूतियों के साथ एनालिस्ट के रूप में काम किया। सोरोस पर अपने धन बल का इस्तेमाल कर सरकारों को अस्थिर करने का आरोप लगता रहा है।

# पहाड़ी इलाकों में भारी हिमपात

## > मुंबई, दिल्ली और यूपी में घाना कोहरा, कई ट्रेनें रद्द

**नई दिल्ली।**

जम्मू-कश्मीर में ठंड बढ़ने से पारा माइनस में चला गया है। जम्मू के 2 और कश्मीर के 9 जिलों में पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। जोजिला में सबसे ज्यादा ठंड है, जहां तापमान -19° डिग्री तक पहुंच गया है। श्रीनगर में भी पारा -4.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में 3.8 डिग्री के साथ पंजाब का आदमपुर सबसे ठंडा शहर रहा। दिल्ली में आज सुबह 7.1 डिग्री तापमान के साथ सीजन की सबसे ठंडी सुबह रही। मुंबई, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में सुबह कोहरा भी छाया रहा। बढ़ते कोहरे की वजह से उत्तर रेलवे ने 77 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी हैं। इसमें 36 ट्रेनें दिल्ली डिवीजन की हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते आज दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, असम, सिक्किम, मेघालय, त्रिपुरा समेत 17 राज्यों में कोहरा छाएगा। इससे मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ेगी। उधेर रविवार की शाम से शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिल रही है। रिज मैदान, माल रोड, जाखू की पहाड़ी और शिमला के विभिन्न स्थानों पर बर्फ के हल्के सफेद फाहे आसमान से गिरते दिखे। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई है, जिसके चलते यह स्थान विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का पहला केंद्र बन गया है, पर्यटकों ने बर्फबारी का खूब लुत्फ उठाया।

गुलमर्ग के साथ-साथ पर्यटन स्थल दूधपथरी में भी बर्फबारी हुई। दूधपथरी में बर्फबारी के कारण रास्ते में फंसे पर्यटकों को पुलिस ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों तक कश्मीर में



पहाड़ी इलाकों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। कुपवाड़ा में भी खूब बर्फबारी हुई है। जोजिला में तापमान -20.0°C और करगिल में तापमान-10.8°C रिकॉर्ड किया गया है।हिमाचल के लाहुल घाटी के साथ-साथ शिंकुला, बारालाचा, कुंजुम दर्रा सहित रोहतांग में तीन से चार इंच ताजा हिमपात हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार नौ दिसंबर को भी हिमाचल प्रदेश के आठ जिलों शिमला, लाहुल स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व सिरमौर में हिमपात व वर्षा की संभावना जताई गई है।

**केदारनाथ-बद्रीनाथ में 4 इंच बर्फ की चादर**

केदारनाथ मंदिर पूरी तरह से बर्फ की सफेद चादर से ढका हुआ है चमोली, औली, जोशीमठ, बद्रीनाथ, सहित तमाम ऊंचाई वाली जगहों पर सीजन की पहली बर्फबारी से पहाड़ गुलजार हो गए हैं। सैलानियों के चहरे भी खिल उठे हैं। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में हल्के बादल देखने को मिल रहे हैं। उधम सिंह नगर सहित पहाड़ों के कई इलाकों में दो से चार इंच तक बर्फबारी दर्ज की गई है।

# अमेरिका ने सीरिया पर बरसाए बम

**नई दिल्ली।**

सीरियाई विद्रोहियों ने देश की राजधानी दमिश्क और राष्ट्रपति बशर अल-असद के आलीशान महल पर कब्जा कर लिया है। 59 वर्षीय तानाशाही राष्ट्रपति बशर अल-असद युद्ध प्रभावित देश सीरिया को छोड़कर मॉस्को पहुंच गए। जहां उन्हें रूस द्वारा शरण दी गई है। वहीं, अमेरिका ने विद्रोहियों के कब्जे के बीच सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर कई हवाई हमले किए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने रविवार को मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर दर्जनों हवाई हमले किए। इन अमेरिकी हवाई हमलों का उद्देश्य युद्धग्रस्त देश में इस्लामिक स्टेट के फिर से उभरने को रोकना है।

इस ऑपरेशन में बी-52, एफ-15 और ये-10 सहित कई अमेरिकी वायु सेना के बलों का उपयोग करके



75 से अधिक टार्गेट पर हमला किया गया है। सीरिया में इस्लामिक स्टेट के बढ़ते वर्चस्व को रोकने के लिए अमेरिका आगे भी हमला जारी रखेगा।

जनरल माइकल एरिक कुरिल्ला ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि हम इस्लामिक स्टेट को पुनः संगठित होने और सीरिया में वर्तमान स्थिति का लाभ उठाने की अनुमति नहीं देंगे।' इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'सीरिया में सभी संगठनों को पता होना चाहिए कि यदि वे किसी भी तरह से इस्लामिक स्टेट के साथ साझेदारी करते हैं या उसका समर्थन करते हैं तो हम उन्हें करारा जवाब देंगे।

# सफलता की नई ऊंचाईयों को छू रहा राजस्थान

## > राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में बोले पीएम मोदी

**जयपुर।**

राजस्थान के जयपुर में आज से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की शुरुआत होने जा रही है। इसका समिट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन और संबोधन किया।

लोगों और मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र के माध्यम से क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इसकी अर्थव्यवस्था और निर्यात दोगुना हो गया है।

पीएम मोदी ने कहा, आज, दुनिया सभी क्षेत्रों में देश के विकास को देख रही है। भारत पिछले 10 वर्षों में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इसकी अर्थव्यवस्था और निर्यात दोगुना हो गया है। आज दुनिया का हर



निवेशक भारत को लेकर उत्साहित है। भारत ने जो विकास किया है वह सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र के माध्यम से हासिल किया गया है और इसे हर क्षेत्र में देखा जा सकता है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि डिजिटल डेटा, लोकतंत्र, डिलीवरी और डेमोग्राफी में वृद्धि भारत की सफलता के माध्यम से देखी जा सकती है। उन्होंने कहा, "डिजिटल डेटा, लोकतंत्र, डिलीवरी और डेमोग्राफी को भारत की सफलता के माध्यम से देखा जा सकता है। यह तकनीक और डेटा से प्रेरित सदी है। भारत दुनिया को लोकतंत्र, डेमोग्राफी और डेटा की असली शक्ति दिखा रहा है। भारत ने दिखाया है कि डिजिटल टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण से समाज के सभी क्षेत्रों और वर्गों को कैसे लाभ मिल सकता है। भारत की यूपीआई, डीबीटी योजनाएं और कई अन्य प्लेटफॉर्म डिजिटल बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाते हैं। हम राजस्थान में इसके प्रभाव देखने जा रहे हैं। जब राजस्थान सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा, तो भारत भी इसका पूरक बनकर ऊंचाइयों को छुएगा।

पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भाजपा सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र के साथ काम कर रही है, जिसमें विकास और विरासत पर समान ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आजादी के बाद सरकारों की प्राथमिकता न तो विकास थी और न ही विरासत – राजस्थान को इसके कारण बहुत नुकसान हुआ है। लेकिन आज हमारी सरकार 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र पर काम कर रही है... राजस्थान आगे बढ़ रहा है, लेकिन विश्वसनीय भी है। राजस्थान ग्रहणशील है और समय के साथ खुद को निखारने के लिए भी जाना जाता है... राजस्थान के 'आर' फैक्टर में एक और पहलू जुड़ गया है। राज्य की जनता ने भारी बहुमत से भाजपा की उत्तरदायी और सुधारवादी सरकार बनाई है।

# अधिकारी ने मांगी 15 दिन की मोहलत

## > कोर्ट में जमा करनी थी संभल सर्वे की रिपोर्ट

**नई दिल्ली.**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद सर्वे रिपोर्ट को लेकर एडवोकेट कमिश्नर का कहना है कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से बुखार है। खराब स्वास्थ्य की वजह से सर्वे रिपोर्ट को देख नहीं सका। उन्होंने बताया कि वह कोर्ट से अनुरोध करने जा रहे हैं कि रिपोर्ट जमा कराने के लिए उन्हें 15 दिन की मोहलत मिले। इस बीच पिछले महीने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा की घटना को लेकर शामिल 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है।

संभल शाही जामा मस्जिद सर्वे रिपोर्ट पर एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा, मुझे पिछले 3-4 दिनों से बुखार आ रहा है और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की वजह से मैं इसका विश्लेषण नहीं कर सका। अब मैं अदालत से अनुरोध करूंगा कि मुझे 15 दिन का समय दिया जाए और मैं निर्देशों के अनुसार रिपोर्ट पेश करूंगा. रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। रिपोर्ट लगभग तैयार है, यह अंतिम चरण में है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अनस और मोहम्मद सूफियान नाम के 2 आरोपियों को कल रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया है। संभल में पिछले महीने 19 नवंबर को एक लोकल कोर्ट की ओर से मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद का सर्वे कराए जाने का आदेश दिए जाने के बाद से तनाव की स्थिति बन गई। फिर 24 नवंबर को मस्जिद के फिर से सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई और इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए।

# सिविलियन आर्मी भी जरूरी'

## > 'राष्ट्र हित की रक्षा के लिए जस्टिस सूर्य कांत ने कहा

**गांधीनगर।**

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि आर्थिक, राजनीतिक, कानून के शासन और सुशासन की दिशा में बढ़ते राष्ट्र को न सिर्फ वर्दी वाली सेना की जरूरत है, बल्कि देश के भीतर व बाहर दोनों जगह अपने हितों की लगन एवं समझदारी से रक्षा करने के लिए विशेषज्ञों की 'सिविलियन आर्मी' की भी जरूरत है।

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट (विधि छात्रों की छद्म अदालत) प्रतियोगिता के समापन सत्र को संबोधित करते हुए जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि कानून के क्षेत्र में पूर्णता की नहीं; बल्कि दृढ़ता, जिज्ञासा और निष्पक्षता व समानता के आदर्शों के लिए प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा, 'चाहे आप कानून स्नातक हों, आपराधिक कानून या अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ हों, चाहे आप प्रोwफेसर हों या वैज्ञानिक या इंजीनियर हों या किसी अन्य जिम्मेदार पद पर हों, आप उस सिविलियन आर्मी का हिस्सा बन जाते हैं, जो बहुत सावधानी, बुद्धिमानी व लगन से राष्ट्र के हितों की देखभाल करती है, चाहे वह देश के अंदर हो या बाहर।'

जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि मूट कोर्ट में उठाए गए मुद्दे



जैसे अंतरराष्ट्रीय कानून, वैश्विक सुरक्षा, साइबर आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों से जुड़े काल्पनिक मामले छात्रों को प्रतिस्पर्धी माहौल में कानून के जटिल क्षेत्रों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। जब आप सिविल सेवा या किसी अन्य सार्वजनिक कार्य के लिए जाते हैं तो बोलने, भाषण देने और खुद को व्यक्त में आत्मविश्वास का तत्व बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि ये ऐसे मंच हैं, जहां आप यह आत्मविश्वास प्राप्त करते और सीखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों में आर्थिक और वित्तीय अपराधों में वृद्धि को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि युवा छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से कानून के इन क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाए।

# सीरिया में बदले हालातों के बीच भारत के लिए चुनौती

**नई दिल्ली।** सीरिया की सत्ता से रविवार को बेदखल किए गए राष्ट्रपति बशर अल असद के साथ रिश्तों को हाल के महीनों में भारत ने मजबूत बनाने की कोशिश तेज की थी। इस कोशिश के तहत आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग एक अहम एजेंडा था। दोनों देश अलकायदा व आईएस जैसे संगठनों के प्रसार पर लगाम लगाने को लेकर संपर्क में थे। अब इन्हीं संगठनों से जुड़े आतंकी संगठनों के हाथ में सीरिया की सत्ता जाने का खतरा है। साफ है कि पश्चिम एशिया में भारतीय हितों के हिसाब से नए रिश्तों को गढ़ने में जुटे भारतीय कूटनीतिकारों को सीरिया में काफी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। करीब साढ़े तीन वर्ष पहले अफगानिस्तान में और तीन महीने पहले बांग्लादेश में सत्ता बदलाव की चुनौतियों से जूझ रही भारतीय कूटनीति को अब सीरिया में हुए सत्ता परिवर्तन के साथ तालमेल बिठाना होगा।

# विदेश सचिव ने बांग्लादेश को सुनायी खरी-खरी

**ढाका।**

पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर बढ़ते हमलों के बीच पहली बार विदेश सचिव विक्रम मिसरी बातचीत के लिए ढाका पहुंचे हैं। ढाका पहुंचते ही उन्होंने बांग्लादेश को दो टूक लहजे में कहा है कि सबसे पहले हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तय करनी होगी। उन्होंने अपने समकक्ष के सामने सख्ती से ये मुद्दा उठाया। विदेश सचिव मिसरी ने बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और साझा हित चाहता है, इसलिए बांग्लादेश को भी उसी तरह का व्यवहार करना चाहिए।

अपनी उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मिसरी ने कहा, "मैंने आज बांग्लादेश प्राधिकरण की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है।" दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को ढाका में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। अगस्त



में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा है। मिसरी की यह यात्रा हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि मिसरी भारतीय वायुसेना के विमान से ढाका पहुंचे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने के तुरंत बाद मिसरी ने जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, "हमारे विदेश सचिव जशीमुद्दीन और उनके समकक्ष विक्रम मिसरी के बीच बैठक राज्य अतिथि गृह में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो रही है। पहले उन्होंने आमने-सामने संक्षिप्त बातचीत की और फिर दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ औपचारिक बैठक शुरू हुई।" अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेशी पक्ष सोमवार को वार्ता के बारे में मीडिया को जानकारी देगा, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# सरकारी विभागों की खुल गई पोल

**नई दिल्ली।** देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है।

एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप- तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई।


# कैसे हर घर पहुंचेगा पानी?

## राष्ट्रीय जल जीवन कोष में 2 लाख भी नहीं हुए जमा

**नई दिल्ली।**

जल जीवन मिशन यानी गांव के हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना के लिए केंद्र सरकार हर साल लगभग पचास हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। राज्य भी अपने हिस्से की धनराशि आगे-पीछे दे रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही यह भी अपेक्षा की गई थी कि पानी के लिए धन का दान भी मिलेगा तो उससे ग्रामीण आबादी की पानी की जरूरत को पूरा करने में मदद मिलेगा, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि न तो लोग इसके लिए आगे आए और न ही कॉरपोरेट जगत।

आज स्थिति यह है कि जल जीवन कोष में पांच साल में इतनी न्यूनतम राशि भी जमा नहीं हो सकी कि उसका कहीं सदुपयोग किया जाता। इस कोष में केवल 1.94 लाख रुपये जमा हो सके हैं, जिसके कारण जलशक्ति मंत्रालय को कहना पड़ा कि



यह धनराशि इतनी कम है कि उसे कहीं व्यय नहीं किया जा सका। जल जीवन कोष की स्थिति का सवाल गत सप्ताह राज्यसभा में उठा था। इसमें आई राशि का ब्यौरा पूछा गया था और उसके उपयोग की जानकारी मांगी गई थी।

इसके जवाब में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने सदन को बताया कि व्यक्तिगत रूप से लोगों, संस्थानों, कारपोरेट समूहों और सामाजिक कार्यों के लिए दानदाताओं को 2019 में शुरू किए गए जल जीवन मिशन से जुड़ने का अवसर देने के लिए एक राष्ट्रीय कोष की स्थापना की गई थी।

इसके पीछे उद्देश्य यह था कि बहुत सारे लोग और संस्थान समाज के कल्याण के लिए कुछ वापस देने की इच्छा रखते हैं। ऐसे लोग और समूह केंद्रीय जल जीवन कोष में दान देकर इस आंदोलन का हिस्सा बन सकते हैं।

जल जीवन मिशन का लक्ष्य हासिल करने की दृष्टि से इसे अहम पहल माना गया था और इसके लिए जेजेएम मोबाइल एप के साथ ही एक वेबसाइट https://jaljeevanmission.gov.in/ भी बनाई गई थी, लेकिन इनमें योगदान के रूप में केवल 1,94,158 रुपये ही जमा हो सके हैं। यह पैसा कहीं आवंटित नहीं किया जा सका।

### क्या कहा मंत्रालय के एक अधिकारी ने

इस पहल के आगे न बढ़ पाने के संदर्भ में मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि लोग पानी के मामले में मदद नहीं करना चाहते हैं। शायद इस कोष की सही तरह जानकारी नहीं दी जा सकी। अगर प्रचार में कोई कमी रही है तो इसे दूर किया जाएगा। वैसे यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और केंद्र और राज्य सरकारें अपना योगदान दे रही हैं।

# पेरिस में ट्रंप ने की विलियम के साथ मुलाकात

**वाशिंग्टन।** अमेरिका में ऐतिहासिक बहुतम के साथ राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने प्रिंस विलियम के साथ पेरिस में मुलाकात की। अपनी इस मीटिंग के बाद ट्रंप खुद को विलियम की तारीफ करने से नहीं रोक पाए। ट्रंप ने अपनी और विलियम की बातचीत के बारे में लिखते हुए इसे एक महान बातचीत कहा। इस मामले के जानकार लोगों के अनुसार ट्रंप की विलियम से बेहतर बातचीत प्रिंस हैरी और मेगन मार्केल की वीजा संबंधी चिंताओं के बढ़ा सकता है।

पेरिस में नोट्रे डेम कैथेड्रल के उद्धघाटन समारोह में ट्रंप और विलियम दोनों ही पहुंचे थे। विलियम यहां पर अपने पिता और ब्रिटिश सम्राट किंग चार्ल्स की तरफ से शामिल हुए थे। यहीं पर इन दोनों की द्विपक्षीय मुलाकात हुई। ट्रंप और प्रिंस विलियम इससे पहले 2021 में व्हाइट हाउस में एक दूसरे से मिले थे।

# जर्मनी का नागरिक भारत में बना चार बार विधायक

**नई दिल्ली।**

तेलंगाना हाई कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता आदि श्रीनिवास की दायर याचिका पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि के. चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस से विधायक रह चुके चेन्नामनेनी रमेश एक जर्मन नागरिक हैं तथा उन्होंने वेमुलावाड़ा सीट से चुनाव लड़ने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने गलत तरीके से खुद को एक भारतीय नागरिक के रूप में पेश किया।

कोर्ट ने माना कि रमेश जर्मन दूतावास से ये पुष्टि करने वाले दस्तावेज पेश करने में विफल रहे कि वो अब उस देश के नागरिक नहीं हैं। कोर्ट ने उनके ऊपर 30 लाख का जुर्माना भी लगाया, जिसमें से 25 लाख रुपये श्रीनिवास को दिलवाए गए हैं, जिनके खिलाफ रमेश नवंबर 2023 का चुनाव हारे थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट साझा कर श्रीनिवास ने कहा कि पूर्व विधायक चेन्नामनेनी रमेश पर कड़ी प्रतिक्रिया। रमेश पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जो जर्मन नागरिक के तौर पर झूठे दस्तावेजों के आधार पर विधायक बने थे। बता दें कि रमेश इससे पहले वेमुलावाड़ा सीट से चार बार जीते थे। 2009 में तेलुगु देशम पार्टी के टिकट पर तथा फिर 2010 से 2018 तक तीन बार, जिसमें



पार्टी बदलने के बाद हुआ उपचुनाव भी शामिल था। कानून के अनुसार, गैर-भारतीय नागरिक चुनाव नहीं लड़ सकते या मतदान नहीं कर सकते हैं।

2020 में केंद्र ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि रमेश के पास एक जर्मन पासपोर्ट है, जो 2023 तक वैध है तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले ही उनके भारतीय नागरिकता को रद्द करने का आदेश दिया था, इस आधार पर कि उन्होंने अपने आवेदन में तथ्य छुपाए थे।

गृह मंत्रालय ने कहा था कि उनके गलत बयान/तथ्यों को छिपाने से भारत सरकार गुमराह हुई और अगर उन्होंने बताया होता कि आवेदन करने से पहले वह एक साल तक भारत में नहीं रहे थे तो इस मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी नागरिकता प्रदान नहीं करता। इसके बाद रमेश ने गृह मंत्रालय के आदेश को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी।